# -:प्रेस नोट:-

**दिनांक- 08.04.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **थाना बबेरु पुलिस द्वारा व्यक्ति की गैर-इरादतन हत्या करने वाले अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार। अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त डण्डा बरामद।**

**विवरण**– पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा विभिन्न अभियोगों में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना बबेरु पुलिस द्वारा व्यक्ति की गैर-इरादतन हत्या वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया। गौरतलब हो कि दिनांक 06.04.2025 को थाना बबेरु क्षेत्र के ग्राम सिमौनी में दो पक्षों द्वारा पुरानी रंजिश को लेकर आपसी विवाद में रहीम बक्श पुत्र करीम को डण्डे से मारपीट कर गम्भीर रुप से घायल कर दिया जिनकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। इस सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर पर थाना बबेरु में अभियोग पंजीकृत किया गया था। इसी क्रम में आज दिनांक 08.04.2025 को थाना बबेरु पुलिस एक अभियुक्त को सिमौनी सब्जी मण्डी के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त डण्डा बरामद किया गया।

**बरामदगी-**

- 01 अदद् डण्डा (घटना में प्रयुक्त)

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1. जाकिर उर्फ जग्गा पुत्र रफीवा निवासी सिमौनी थाना बबेरु जनपद बांदा।

**पंजीकृत अभियोग-**

- मु0अ0सं0 117/25 धारा 105/115(2)/352 बीएनएस थाना बबेरु जनपद बांदा।

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

1. उ0नि0 श्री प्रदीप कुमार
2. कां0 अभिनव सिंह
3. कां0 विकास कुमार